समाचार

बालको रोड पर चखना दुकानों के सामने पसरी गंदगी देख नाराज हुए आयुक्त, अर्थदण्ड के साथ दी कड़ी चेतावनी

(आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने किया शहर का दौरा, नगर की स्वच्छता सहित निर्माण कार्यो का किया निरीक्षण)

कोरबा 18 अगस्त 2021 –कोरबा बालको मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान के सामने चखना दुकानों द्वारा सड़क पर फैलाई गई गंदगी, प्लास्टिक डिस्पोजल को देखकर आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने गहरी नाराजगी जताई तथा चखना दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कड़ी चेतावनी दी कि यदि सड़क पर दोबारा कचरा फैला दिखेगा तो चखना दुकानों को बंद करने के साथ ही अन्य कड़ी कार्यवाही भी की जाएगी। इस दौरान इन दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल आदि सामग्री की जप्ती भी निगम अमले द्वारा की गई।

आयुक्त श्री कुलदीप शर्मा ने आज निगम के अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा व जोन कमिश्नरों के साथ शहर का सघन दौरा किया। उन्होने कोसाबाड़ी जोन, पं.रविशंकर शुक्ल जोन, टी.पी.नगर जोन एवं कोरबा जोन के विभिन्न स्थलों का दौरा करते हुए नगर की साफ–सफाई व्यवस्था के अवलोकन के साथ ही विभिन्न निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने कोरबा–बालको मुख्य मार्ग पर स्थित शराब दुकान के सामने सड़क पर काफी मात्रा में प्लास्टिक डिस्पोजल व अन्य अपशिष्ट सामग्री को फैला हुआ देखकर गहरी नाराजगी जाहिर की, दुकान संचालकों पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश तथा उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि दोबारा उनकी दुकानों के सामने सड़क पर प्लास्टिक डिस्पोजल व अन्य अपशिष्ट बिखरा पाया जाता है तो दुकान को बंद करा दिया जाएगा, साथ ही अन्य कार्यवाही भी की जाएगी। इस दौरान निगम अमले द्वारा 3500 रूपये का अर्थदण्ड चखना दुकान संचालकों पर लगाया गया, दुकानों से प्रतिबंधित प्लास्टिक की जप्ती की गई तथा दुकान संचालकों के द्वारा बिखरे कचरे की सफाई मौके पर ही कराई गई।

<u>साफ–सफाई का निरीक्षण</u>–आयुक्त श्री शर्मा ने भ्रमण के दौरान नगर की स्वच्छता व इस संबंध में किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान सुभाष चौक से शिवाजीनगर की

ओर जाने वाले मार्ग पर सड़क के किनारे कचरे की डम्पिंग देख, उन्होने नाराजगी जाहिर की तथा सफाई ठेकेदार पर अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार सी.एस.ई.बी.कालोनी के अंदरूनी क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान अनेक स्थलों पर कचरे की डम्पिंग देख आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा सी.एस.ई.बी.के जिम्मेदार अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण– नगर निगम कोरबा द्वारा बरसाती पानी को जमीन के अंदर समाहित कर भूजल स्तर बढ़ाने हेतु विभिन्न शासकीय भवनों में रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाए गए हैं। इसी प्रकार निजी भवनों में भी रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निगम की प्रेरणा से स्थापित किए गए हैं। आज आयुक्त श्री शर्मा ने भ्रमण के दौरान विभिन्न शासकीय भवनों व निजी मकानों में स्थापित कराए गए रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का अवलोकन किया तथा उनकी वर्तमान स्थिति को देखा, जिन रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम में मरम्मत व सुधार की आवश्यकता दिखी, वहां पर तुरंत मरम्मत व सुधार का कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

राताखार बाईपास रोड पर अतिक्रमण, प्रभारी को शो–काज–राताखार से सर्वमंगला पुल की ओर जाने वाले बाईपास मार्ग पर सड़क के किनारे तार की घेराबंदी कर अतिक्रमण किया गया है, साथ ही वहां पर निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री शर्मा ने उक्त अतिक्रमण पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए निगम के जोन उप प्रभारी, उप अभियंता एवं राजस्व निरीक्षक को शो–काज नोटिस जारी करने तथा अतिक्रमण को हटाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

निर्माण कार्य स्थलों का निरीक्षण–आयुक्त श्री शर्मा ने निगम द्वारा प्रस्तावित विभिन्न निर्माण कार्यो के कार्य स्थलों का अवलोकन करने के साथ ही पूर्ण हो चुके कार्यो तथा उनकी वर्तमान स्थिति का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यो के संपादन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होने रेलवे केबिन से हसदेव नदी तक दूषित जलप्रवाह हेतु बनाए गए आर.सी.सी. नाला, सर्वमंगला उद्यान बाउण्ड्रीवाल पाथवे, ड्रेन, टायलेट निर्माण एवं वाटर पाईप लाईन बिछाने का किए गए कार्य, वार्ड क्र. 18 में प्रस्तावित विकास कार्य सहित अन्य विभिन्न कार्य स्थलों का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

जोन कार्यालय का निरीक्षण–आयुक्त श्री शर्मा ने निहारिका पानी टंकी स्थित कोसाबाड़ी जोन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होने कार्यालय में किए जा रहे कार्यो व संधारित पंजियों, दस्तावेजों का परीक्षण करते हुए प्राप्त शिकायतों के निराकरण, शासकीय योजनाओं, पेंशन प्रकरणों संबंधित आवेदनों एवं उन पर की गई कार्यवाही, सम्पत्तिकर, समेकितकर वसूली की वर्तमान कार्यप्रगति सहित अन्य कार्यालयीन कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा कार्यो की बेहतरी के संबंध में जोन के अधिकारी कर्मचारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त अशोक शर्मा के साथ ही जोन कमिश्नर आर.के.चौबे, ए.के.शर्मा, एम.एन. सरकार, संपदा अधिकारी व अतिक्रमण प्रभारी श्रीधर बनाफर, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक डॉ.संजय तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।